# A

**22113** **120 MINUTES**

1. भारतीय आर्य भाषाओं के विकास का सही क्रम है-
   - A) संस्कृत, प्राकृत, पालि, शौरसेनी
   - B) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, अवहट्ट
   - C) अवहट्ट, अपभ्रंश, प्राकृत, पालि
   - D) अपभ्रंश, अवहट्ट, पालि, प्राकृत

2. इनमें से किस पुस्तक में 'भरतेश्वर बाहुबलिरास' के रचयिता शालिभद्र सूरी को हिन्दी का पहला कवि बताया गया है?
   - A) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास
   - B) हिन्दी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास
   - C) हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास
   - D) हिन्दी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास

3. "पुरुष कहाणी हौं कहौं जसु पत्थावै पुन्नु" – किस कवि की पंक्ति है?
   - A) चंदबरदायी
   - B) विद्यापति
   - C) अमीर खुसरो
   - D) चिन्तामणि

4. 'क्या हिंदी नाम की कोई भाषा ही नहीं' लेख के रचनाकार हैं-
   - A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
   - B) बालकृष्ण भट्ट
   - C) रामचन्द्र शुक्ल
   - D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

5. इनमें से किस आलोचक ने 'साधारणीकरण' की व्याख्या की है?
   - A) नामवर सिंह
   - B) नन्द दुलारे वाजपेयी
   - C) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी
   - D) डॉ.नगेन्द्र

6. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित आचार्यों का सही अनुक्रम है-
   - A) मम्मट, वामन, कुन्तक, विश्वनाथ
   - B) कुन्तक, विश्वनाथ,वामन, मम्मट
   - C) वामन, कुन्तक, मम्मट, विश्वनाथ
   - D) वामन, मम्मट, विश्वनाथ, कुन्तक

7. कवि कुलपति मिश्र किस तरह के कवि हैं?
   - A) रीति सिद्ध
   - B) रीति बद्ध
   - C) रीति मुक्त
   - D) भक्त

8. निम्नलिखित में कौन-सा ग्रन्थ गणपति भारती का नहीं है?

A) योग वशिष्ठ सार B) नव रस

C) विरह पचीसी D) श्रृंगार प्रकाश

9. निम्न में प्रेमचन्द के द्वारा लिखित नाटक नहीं है-

A) संग्राम B) कर्बला

C) गलत लोगों के बीच D) प्रेम की वेदी

10. सक्रिय कहानी आन्दोलन के प्रवर्तक हैं-

A) राकेश वत्स B) मोहन राकेश C) राजेन्द्र यादव D) कमलेश्वर

11. 'कामायनी' को मानव चेतना के विकास का महाकाव्य किसने माना है?

A) नन्द दुलारे वाजपेयी B) रामचन्द्र शुक्ल

C) डॉ.नगेन्द D) नामवर सिंह

12. प्रतिबिंब वादी सिद्धाँत का विरोधी जनवादी लेखक थे –

A) लक्ष्मी नारायण लाल B) हरिशंकर परसाई

C) गजानन माधव मुक्तिबोध D) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

13. तुलनात्मक आलोचना का प्रारंभ किसने हिन्दी में किया था?

A) पद्मसिंह शर्मा B) रामविलास शर्मा

C) रामचन्द्र शुक्ल D) धीरेन्द्रवर्मा

14. सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | मणि मधुकर | 1. | धूप का टुकडा |
| b) | हबीब तनवीर | 2. | खेला पोलभपुर |
| c) | मुद्रा राक्षस | 3. | तेन्दुआ |
| d) | निर्मल वर्मा | 4. | मिट्टी की गाडी |

A) a-2, b-4, c-3, d-1 B) a-1, b-3, c-2, d-4

C) a-3, b-1, c-4, d-2 D) a-2, b-3, c-4, d-1

15. रससूत्र की अभिव्यक्तिवादी व्याख्या किसने की थी?

A) आचार्य केशव B) आनन्दवर्द्धन

C) अभिनव गुप्त D) भट्ट लोल्लट

16. किस अनुच्छेद के अनुसार भारत की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी?

A) अनुच्छेद 372(1) B) अनुच्छेद 331(1)

C) अनुच्छेद 383(1) D) अनुच्छेद 343(1)

17. संशोधित राजभाषा अधिनियम कब पारित हुआ?

A) 1965 ई. B) 1966 ई. C) 1967 ई. D) 1969 ई.

18. भाषा की सार्थक लघुतम इकाई को क्या कहते हैं?

A) शब्द B) वर्ण C) अर्थ D) मात्रा

19. 'भारत मित्र' पत्र के संपादक कौन थे?

A) प्रताप नरायण मिश्र B) सदल मिश्र

C) दुर्गा प्रसाद मिश्र D) छोटू लाल मिश्र

20. घनानंद को 'साक्षात् रसमूर्ति' कहनेवाले आलोचक हैं-

A) रामविलास शर्मा B) नंद दुलारे वाजपेयी

C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) रामचन्द्र शुक्ल

21. ध्वनि सिद्धान्त के प्रतिष्ठापक कौन थे?

A) आचार्य क्षेमेन्द्र B) आचार्य कुंतक

C) आनन्दवर्द्धन D) आचार्य मम्मट

22. "काव्य, जीवन की व्याख्या है" – किस आलोचक की उक्ति है?

A) आई.ए.रिचार्डस B) टी.एस.इलियट

C) मैथ्यू आर्नल्ड D) विलियम वर्ड्सवर्थ

23. पाश्चात्य काव्यशास्त्र में अभिव्यंजनावाद की स्थापना करनेवाला है-

A) प्लेटो B) अरस्तु C) नाईडा D) क्रोचे

24. लौंजाइनस ने उदात्त के कितने स्रोत माने हैं?

A) तीन B) पाँच C) सात D) नौ

25. इन में चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी नहीं है-

A) सुखमय जीवन B) कानों में कँगणा

C) उसने कहा था D) बुद्ध का काल

26. सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुन लीजिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | ग्यारह वर्ष का समय | 1. | बंग महिला |
| b) | रानी केतकी की कहानी | 2. | जयशंकर प्रसाद |
| c) | दुलाईवाली | 3. | रामचन्द्र शुक्ल |
| d) | ग्राम | 4. | इंशा अल्ला खां |

A) a-4, b-2, c-1, d-3 B) a-1, b-2, c-4, d-3

C) a-3, b-4, c-1, d-2 D) a-2, b-3, c-4, d-1

27. प्रगतिवाद से संबंधित कौन-सा कथन सत्य है?

1. एक राजनैतिक एवं सामाजिक शब्द है
2. आन्दोलनों के संदर्भ में प्रयुक्त शब्द है
3. यह आर्थिक एवं सामाजिक नीतियों में सुधार के पक्षधर है।

A) केवल 1 सत्य है B) केवल 2 सत्य है
C) केवल 3 सत्य है D) 1, 2 और 3 सत्य हैं।

28. इन में भारतेन्दु का अनूदित नाटक नहीं है-

A) मुद्राराक्षस B) विद्यासुंदर C) कपूर मंजरी D) श्री चन्द्रावली

29. कालक्रम की दृष्टि से इन ग्रन्थों का सही अनुक्रम है-

A) जीवदया रास – भरतेश्वर बाहुबली रास – उपदेश रसायन रास - रेवंतगिरि रास
B) उपदेश रसायन रास - भारतेश्वर बाहुबली रास जीवदया रास - रेवंतगिरि रास
C) भरतेश्वर बाहुबली रास - उपदेश रसायन रास जीवनदया रास - रेवंत गिरि रास
D) रेवंत गिरिरास - जीवनदया रास – भरतेश्वर बाहुबली रास – उपदेश रसायन रास

30. स्थापना (अ): "वियोगी होगा पहला कवि
आग से उपजा होगा गान
उमडकर आँखों से चुपचाप
बही होगी कविता अनजान"

तर्क (इ): कविता की मूल प्रेरणा शोक और वेदना है।

A) (अ) और (इ) दोनों गलत हैं। B) (अ) गलत (इ) सही हैं।
C) (अ) और (इ) दोनों सही हैं। D) (अ) सही और (इ) गलत है।

31. अध्यायों के नाम और रचनाओं को सुमेलित करके सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | समय | 1. | साकेत |
| b) | काण्ड | 2. | पद्मावत |
| c) | खण्ड | 3. | पृथ्वीराज रासो |
| d) | सर्ग | 4. | रामचरित मानस |

A) a-3, b-4, c-2, d-1 B) a-1, b-3, c-2, d-4
C) a-2, b-1, c-3, d-4 D) a-4, b-2, c-3, d-1

32. “विषम चरण तेरह कला, सम ग्यारह निर्धार
प्रथम तृतीय जगण” – ये किस छन्द की विशेषतायें हैं –

A) चौपाई B) रोला C) सोरठा D) दोहा

33. “रहिमन पानी राखियो बिन पानी सब सून
पानी गये न ऊबेर मोती, मानस, चून।।”
इन पंक्तियों का अलंकार है-

A) यमक B) श्लेष C) वक्रोक्ति D) अनुप्रास

34. “काव्य शोभायः कर्तारो धर्मः गुणाः” – यह किसकी उक्ति है?

A) वामन ‘काव्यालंकार’ में B) दण्डी ‘काव्यादर्श’ में
C) विश्वनाथ ‘साहित्य दर्पण’ में D) जयदेव ‘चन्द्रालोक’ में

35. इनमें अलंकार निरूपक रीतिकवि हैं

A) बोधा B) गिरिधर दास C) मतिराम D) ठाकुर

36. “मैं हिन्दुस्तान की तूती हूँ, अगर तुम वास्तव में मुझसे कुछ पूछना चाहते हो तो हिन्दवी से पूछो” – यह किसकी पंक्तियाँ हैं?

A) मधुकर B) भट्ट केदार
C) अमीर खुसरो D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

37. शब्द शक्ति के संबंध में निम्नलिखित कथन किस कवि का है – “अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा हीन अधम व्यंजना रस विरस, उलटी कहत नवीन”

A) भिखारी दास B) देव कवि
C) आचार्य केशव D) चिन्तामणि

38. काव्य भाषा के संदर्भ में निम्न लिखित में से कौन-सी मान्यता विलियम वर्ड्सवर्थ की नहीं है-

A) काव्य में ग्रामीणों की दैनिक बोलचाल की भाषा प्रयुक्त हो
B) भाषा में मिथक और बिंबों का प्रयोग होना चाहिए
C) भाषा में कृत्रिमता और आडंबर कवियों की देन है
D) गद्य और काव्य की भाषा में कोई तात्विक भेद नहीं है।

39. संरचनावाद को स्थापित करने का श्रेय इन में से किसे नहीं है

A) क्लाडे लेविस स्त्रोस B) लुई अलथ्यूसर
C) मैथ्यू अर्नल्ड D) जैकिप्स लकिन

40. ‘नागरी प्रचारिणी पत्रिका’ का प्रथम संपादक है-

A) राधाकृष्ण दास B) श्यामसुन्दर दास
C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) वेणी प्रसाद

41. 'बादरायण' नाम से हिन्दी में लिखनेवाले केरल का साहित्यकार हैं-

A) डॉ.एन.ई.विश्वनाथ अय्यर B) डॉ.एन.चन्द्रशेखरन नायर

C) डॉ.एच.परमेश्वरन D) डॉ.पी.वी.विजयन

42. सरस्वती सम्मान से पुरस्कृत हिन्दी का पहला साहित्यकार कौन हैं?

A) डॉ.हरिवंशराय बच्चन B) रामधारी सिंह दिनकर

C) सुमित्रानन्दन पन्त D) महादेवी वर्मा

43. पत्रिकाओं और संपादकों के नाम सुमेलित करके उचित विकल्प चुन लीजिए

a) वागर्थ 1. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

b) दिनमान 2. अवध नारायण मुद्गल

c) मतवाला 3. घनश्याम पंकज

d) सारिका 4. प्रभाकर श्रोत्रिय

A) a-2, b-4, c-3, d-1 B) a-4, b-3, c-1, d-2

C) a-1, b-2, c-3, d-4 D) a-3, b-1, c-4, d-2

44. पालि भाषा में व्याकरण को क्या कहा गया था?

A) सद्दनीति B) मोग्गालान C) सद्दानुसासनं D) आर्शी

45. इन में कौन-सा कथन सत्य है?

1. अपभ्रंश भाषा का प्राचीनतम रूप जैन साहित्य में मिलता है।

2. हिन्दी भाषा को अमीर खुसरो ने हिन्दवी नाम दिया।

A) केवल 1 सत्य है B) केवल 2 सत्य है

C) 1 और 2 दोनों सत्य हैं D) 1 और 2 दोनों गलत हैं

46. सुमेलित करें और सही विकल्प का चयन करें।

a) द्रविड परिवार 1. वियतनामी

b) आस्ट्रो एशियाटिक 2. हिब्रू

c) अफ्रीकी – एशियाई 3. बोडो

d) चीनी परिवार 4. कन्नड

A) a-4, b-1, c-2, d-3 B) a-1, b-3, c-4, d-2

C) a-3, b-1, c-2, d-4 D) a-2, b-3, c-4, d-1

47. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में सब कार्यवाहियां अंग्रेज़ी भाषा में होगी?

A) अनुच्छेद 343 B) अनुच्छेद 344

C) अनुच्छेद 346 D) अनुच्छेद 348

48. व्यास सम्मान प्राप्त 'पहला गिरमिटिया' नामक कृति के रचयिता हैं-

A) केदारनाथ सिंह B) गिरिराज किशोर

C) श्रीलाल शुक्ल D) गोविन्द मिश्र

49. पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन कब और कहाँ हुआ था?

A) 1975 ई. को दिल्ली में B) 1965 ई. को मेरठ में

C) 1975 ई. को नागपुर में D) 1965 ई. को आगरा में

50. कंठ्योष्ठ्य ध्वनि का उदाहरण है-

A) औ B) ए C) त D) क

51. शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त होने की योग्यता प्राप्त करता है, तो उसे कहा जाता है-

A) ध्वनि B) पद C) वाक्य D) समास

52. भारतीय संविधान के अष्टम अनुसूची में राष्ट्रभाषाओं के अन्तर्गत स्थान प्राप्त एकमात्र विदेशी भाषा गुरखाली जाना जाता है?

A) डोगरी B) सिन्धी C) नेपाली D) तिबत्ती

53. एक ज़माने में जम्मू-कश्मीर की राजभाषा के रूप में विराजित उर्दू का शाब्दिक अर्थ है-

A) फारसी B) फौजी छावनी C) रियासती D) अरबी

54. देवनागरी लिपि में हिन्दी में अक्षर के ऊपर शिरोरेखा लगाने की सलाह किसने दी थी?

A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने B) हिन्दी सम्मेलन ने

C) मिश्र बन्धु ने D) लिपि सुधार समिति ने

55. प्राकृत भाषा को अर्द्ध मागधी, चूलिका पैशाची, अपभ्रंश इन तीन भागों में किसने वर्गीकृत किया?

A) मार्कंडेय B) मिश्रबन्धु

C) आचार्य हेमचंद्र D) जॉर्ज ग्रियर्सन

56. "ईरानी महाभारत काल से ही भारत को हिन्द कहने लगे थे" – यह किसका कथन है?

A) रामनरेश त्रिपाठी B) रामचन्द्र शुक्ल

C) डॉ.नगेन्द्र D) रामविलास शर्मा

57. किसने कबीर के जीवन काल को 1398 से 1518 तक माना ?

A) वेसकट B) स्मिथ C) मेकालिफ D) फुर्केहर

58. 'भाषा के जादूगर' नाम से प्रसिद्ध निबंधकार ?

A) शिवपूजन सहाय B) शांतिप्रिय द्विवेदी

C) बच्चन शर्मा उग्र D) रघुवीर सिंह

59. 'सगुणौ' कहकर किस आचार्य ने काव्य में गुणों के महत्व को स्वीकार किया है?

A) वामन B) मम्मट

C) राज जगन्नाथ D) विश्वनाथ

60. किस यूनानी दार्शनिक ने पहले अनुकरण सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था?

A) प्लेटो B) सुकरात C) हीगल D) लोंजाइनस

61. इनमें किस कवि को 'वाणी का डिक्टेटर' कहा जाता है

A) तुलसीदास B) सूरदास C) कबीरदास D) नन्ददास

62. किस उपन्यास को निर्मल वर्मा ने प्रथम पुरुष में लिखा था ?

A) वे दिन B) अंतिम अरण्य

C) एक चिथडा सुख D) रात का रिपोर्टर

63. किस पाश्चात्य विद्वान ने कविता को 'मानव मात्र को आनंद प्रदान करनेवाली वस्तु' माना ?

A) वड्र्स वर्थ B) शेल्ली C) कीट्स D) बायरन

64. एस.आर .हरनोट कृत'आभी' किस विधा की रचना है ?

A) कहानी B) उपन्यास C) कविता D) निवंध

65. इनमें से महाप्राण व्यंजन कौन सा है ?

A) त B) प C) व D) श

66. इनमें से ' ऐ ' किस प्रकार का स्वर है ?

A) संवृत B) अर्ध संवृत C) विवृत D) अर्ध विवृत

67. अमीर खुसरो ने 'खालिक बारी' की रचना किस भाषा में की थी ?

A) मैथिली B) उर्दू C) हिंदी D) हिंदुस्तानी

68. इनमें से "मैं शैली का प्रौढ शिल्पी " किसे माना जाता है ?

A) पंत B) धूमिल C) निराला D) अज्ञेय

69. गोविंद चातक का "अंधेरी रात का सफर" किसके जीवन पर आधारित नाटक है ?

A) कबीर B) औरंगजेब C) ताल्स्ताय D) प्लेटो

70. सुभाष चंद्र किस साहित्यकार का वास्तविक नाम है ?

A) विनोद रस्तोगी B) मुद्रा राक्षस C) नरेश मेहता D) धूमिल

71. इनमें से किसने सबसे पहले उत्तर अपभ्रंश को"पुरानी हिंदी" नाम दिया था ?

A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी B) राहुल सांकृत्यायन

C) हजारी प्रसाद द्विवेदी D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

72. आदिकाल में हिंदी केलिए "देसिल बयना" नाम किसने दिया?

A) चंदबरदायी B) विद्यावती C) अमीर खुसरो D) जगनिक

73. शिवसिंह सेंगर के मत में हिंदी का प्रथम कवि कौन है?

A) शालिभद्र सूरी B) सरहपाद C) पुष्य कवि D) चंदवरदाई

74. किसने निराला को 'महाप्राण निराला' कहा ?

A) रामविलास शर्मा B) गंगाप्रसाद पांडेय

C) नवजातिक लाल D) नंददुलारे वाजपेई

75. रचनाओं एवं लेखकों का सही मिलान कीजिए ?

a) द रिपब्लिक .1 होरेस

b) द पोयटिक्स .2 आई.ए.रिचार्डस

c) आर्स पोएतिका .3 प्लेटो

d) सइंस एण्ड पोएट्री 4. अरस्तु

A) a-3, b-4, c-1, d-2 B) a-4, b-1, c-2, d-3

C) a-1, b-3, c-2, d-4 D) a-2, b-1, c-4, d-3

76 . 'कलम का मज़दूर' जीवनीकीरचना किसने की है ?

A) कमलकिशोर गोयंका B) अमृत राय

C) मदन गोपाल D) रामविलास शर्मा

77. टी.एस.इलियट द्वारा कविता के 'तीन स्वर' संबंधी भाषण में इनमें से कौन सा कार्य शामिल नहीं था?

A) कवि स्वयं से बात करता है

B) कवि स्वांत सुखाय: बात करता है

C) कवि पात्रों के माध्यम से बात करता है

D) कवि श्रोताओं से बात करता है

78. सही मिलान कीजिए ?

a) कुन्तक 1. अलंकार

b) भामह 2. वक्रोक्ति

c) आनंदवर्धन 3. औचित्य

d) क्षेमेन्द्र 4. ध्वनि

A) a-1, b-3, c-2, d-4 B) a-3, b-4, c-1, d-2

C) a-2,b-1, c-4, d-3 D) a-4, b-2, c-3, d-1

79. संस्कृत काव्य शास्त्त्र मेंसबसे पहले काव्य हेतुओं का विवेचन किसने किया ?

A) भामह B) हेमचद्र C) आनंद वर्धन D) रुद्रट

80. भारतेंदु युग के सर्वप्रसिद्धजीवनी लेखक कौन है ?

A) देवीप्रसाद मुंसिफ B) कार्तिक प्रसाद खत्री

C) काशीनाथ खत्री D) रमाशंकर व्यास

81. "सतमी के बच्चे" किसकी कहानियों का संकलन है ?

A) राहुल सांकृत्यायन B) जैनेंद्र

C) यशपाल D) अमृतलाल नागर

82. 'प्रेमचंद का पुनर्मूल्यांकन' किसकी आलोचना है ?

A) विवेकी राय B) मैनेजर पांडेय

C) नंदकिशोर नवल D) नेमीचंद्र जैन

83. डा.दशरथ शर्मा ने 'पृथ्वीराज रासो' के कितवें संस्करण को मूल रासो ग्रंथ माना है ?

A) प्रथम संस्करण B) दूसरा संस्करण

C) तीसरा संस्करण D) चौथा संस्करण

84. नामकरण के संदर्भ में सही मिलान कीजिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | मिश्रबंधु | 1. | संधि काल एवं चारण काल |
| b) | ग्रियर्सन | 2. | आदिकाल |
| c) | रसाल | 3. | प्रारंभिक काल |
| d) | रामकुमार वर्मा | 4. | चारणकाल |

A) a-3, b-4, c-2, d-1 B) a-2, b-1, c-3, d-4

C) a-1, b-3, c-4, d-2 D) a-1, b-4, c-2, d-3

85. नायिका शब्द का सही संधि विच्छेद कौन सा है ?

A) ना + इका B) नाइ+ का C) नायिक् + का D) नै + इका

86. सब से पहले 'फारसी-हिंदी कोश' किसने बनाया ?

A) अकबर B) अमीर खुसरो

C) ग्रियर्सन D) नागरी प्रचारिणी सभा,

87. 'अरबी ,तुरकी,हिंदवी,भाषा जेति आहिं' किसकी पंक्ति है ?

A) रहीम B) अमीर खुसरो C) जायसी D) चंदवरदाई

88. संविधान के किस अनुच्छेद में लोक सभा का अध्यक्ष और राज्य सभा का सभापति सदस्यों को अपनी मातृभाषा में बोलने की अनुमति दे सकते हैं ?

A) 1-120 B) 2-120 C) 1-210 D) 2-210

89. संविधान में राज भाषा के रूप में किस भाषा को प्रतिष्ठित करने का प्रस्ताव अंबेदकर ने रखा था ?

A) हिंदी B) अंग्रेजी C) संसकृत D हिंदुस्तानी

90. संस्कृत के कृदंत रूप से हिंदी ने अपने किस व्याकरणिक तत्व का विकास किया ?

A) संज्ञा B) सर्वनाम C) कारक D) क्रिया

91. इनमें से सही वाक्य कौन सा है ?

A) मोहन ने, मनोज ने और लीला ने गीत गाया

B) मोहन ने, मनोज ने और लीला ने गीत गाए

C) मोहन,मनोज और लीला ने गीत गाया

D) मोहन,मनोज और लीला ने गीत गाए

92. 'उर्दू' किस भाषा का शब्द है ?

A) अरबी B) फ्रांसीसी C) तुर्की D) इतालवी

93. इनमें से स्त्रिलिंग शब्द कौन सा है ?

A) संदूक B) बंदूक C) पनीर D) माली

94. 'तू ही बसा है मनमें हमारे,तू ही रमा है इस विश्व में भी
तेरी छटा है मन मुगधकारी, पापहारी भव ताप हारी' -इस कविता में कौन - सा छंद है ?

A) उपेंद्र वज्रा B) इनंद्रवज्रा C) वसंत तिलका D) वंशस्थ

95. "रत्युद्बोधका:लोके विभावा:काव्य-नाट्ययो" विभाव के संबंध में यह कथन किसका है ?

A) आचार्य जगन्नाथ B) आचार्य कुंतक

C) आचार्य दंडी D) आचार्य विश्वनाथ

96. 'रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून
पानी गए न ऊबरे मोती मानुस चून' - इसमें कौन सा अलंकार है ?

A) वक्रोक्ति B) उत्प्रेक्षा C) श्लेष D) रूपक

97. विलास गुप्त का 'आप के कर कमलों' से किस विधा की रचना है ?

A) कहानी B) जीवनी C) नाटक D) कविता

98. इन उपनामों एवं लेखकों का सही मिलान कीजिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | भाषा के जादूगर | 1 . | भारतेंदु हरिशचंद्र |
| b) | कविता कामिनि कांत | 2. | शिवपूजन सहाय |
| c) | प्रज्ञेंदु | 3. | शमशेरबहादुर सिंह |
| d) | कवियों के कवि | 4. | नाथूरामशर्मा शंकर |

A) a-1, b-3, c-4, d-2 B) a-2, b-1, c-3, d-4

C) a-3, b-2, c-1, d-4 D) a-2, b-4, c-1, d-3

99. रिपोर्ताज एवं लेखकों का सही मिलान कीजिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | सूखे सरोवर का भूगोल | 1. | चित्रा मुद्गल |
| b) | तहखानों में बंद | 2. | मणिमधुकर |
| c) | लक्ष्मीपुरा | 3. | शमशेर बहादुर सिंह |
| d) | प्लाट का मोर्चा | .4 | शिवदान सिंह चौहान |

A) a-1, b-3, c-4, d-2　　B) a-2, b-1, c-4, d-3
C) a-3, b-2, c-1, d-4　　D) a-3, b-1, c-4, d-2

100. भाषा विज्ञान को सर्वप्रथम एककालिक और बहुकालिक के दो भेदों में किसने विभाजित किया ?

A) सस्यूर　B) चामस्की　C) व्लूमफील्ड　D) फिल्मोर

101. इनमें से पुल्लिंग शब्द कौन सा है ?

A) तराश　B) लाश　C) तलाश　D) जोश

102. पडोस के मकान में रहनेवाली औरत मेरी परिचित है -इस वाक्य में कौन सा पदबंध है ?

A) क्रिया पदबंध　B) निशेषण पदबंध
C) संज्ञापदबंध　D) सर्वनामपदबंध

103. इनमें से शुद्ध वाक्य कौन सा है ?

A) कवि ने अपनी कविता आप पढकर सुनाई ।
B) कवि ने अपनी कविता पढकर सुनाई ।
C) कवि ने अपनी कविता स्वयं पढकर सुनायी ।
D) कवि ने अपनी कविता पढकर सुनाया ।

104. अनु + एषण = अन्वेषण - इसमें किसप्रकार की संधि है ?

A) यण् संधि　B) वृद्धि संधि　C) अयातिसंधि　D) गुण संधि

105. इनमें से द्विगु समास का उदाहरण कौन सा है ?

A) काला पानी　B) खडी बोली　C) चहार दीवारी　D) खुशबू

106 . 'तपोधन' शब्द में कौन सा समास है ?

A) तत्पुरुष समास　B) अव्ययी भाव समास
C) बहुव्रीहीसमास　D) द्वन्द्व समास

107. असंगत पद कौन सा है ?

A) ज्ञापन　B) परिपत्र　C) द्रुत पत्र　D) आवेदन पत्र

108. आत्मकथा और लेखक का सही मिलान कीजिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | बच्चन | 1. | बचपन के दो दिन |
| b) | भुवनेश्वर प्रसाद मिश्र | 2. | क्या भूलूँ क्या याद करूँ |
| c) | देवराज उपाध्याय | 3. | आधे सफर की पूरी कहानी |
| d) | कृष्ण चंद्र | 4. | जीवन के चार अध्याय |

A) a-2, b-4, c-1, d-3　　B) a-1, b-3, c-2, d-4
C) a-4, b-2, c-3, d-1　　D) a-3, b-2, c-4, d-1

109. यात्रा विवरण और लेखक का सही मिलान कीजिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | चीडों पर चाँदिनी | 1. | अज्ञेय |
| b) | एक बूँद सहसा उछली | 2. | निर्मल वर्मा |
| c) | सैलानी की डायरी | 3. | शिवानी |
| d) | यात्रिक | 4. | राजेंद्र अवशथी |

A) a-2, b-1, c-4, d-3　　B) a-3, b-1, c-2, d-4
C) a-4, b-2, c-3, d-1　　D) a-1, b-4, c-2, d-3

110. उदय प्रकाश की कहानियों का सही रचना क्रम ?

A) दरियाई घोड़ा,तिरिछ,और अंत में प्रार्थना,दत्तात्रेय का दुख
B) तिरिछ,और अंत में प्रार्थना , दरियाई घोड़ा , दत्तात्रेय का दुख
C) दत्तात्रेय का दुख ,दरियाई घोड़ा ,तिरिछ,और अंत में प्रार्थना
D) दत्तात्रेय का दुख , तिरिछ , दरियाई घोड़ा,और अंत में प्रार्थना

111. 'पहले वस्तु या व्यक्ति का अस्तित्व होगा,उसके बाद उसके संबंध में विचारों एवं सिद्धांतों का प्रतिपादन होगा' –यह किसका कथन है ?

A) हीगेल　B) होरेस　C) क्रोचे　D) कीर्केगार्ड

112. इनमें से कौन सप्तकीय कवयित्रियों में शामिल नहीं थी ?

A) कीर्ति चौधरी　B) शकुंत माथुर　C) सुमन राजे　D) मधु धवन

113. सुरेंद्र वर्मा के नाटकों का सही रचना क्रम कौन सा है ?

A) एक दूनी एक , शकुंतला की अंगूठी, द्रौपदी, छोटे सैयद बडे सैयद
B) द्रौपदी ,छोटे सैयद बडे सैयद , एक दूनी एक , शकुंतला की अंगूठी
C) द्रौपदी ,छोटे सैयद बडे सैयद , शकुंतला की अंगूठी, एक दूनी एक
D) शकुंतला की अंगूठी, एक दूनी एक , द्रौपदी , छोटे सैयद बडे सैयद

114. विष्णुकांत शास्त्री केइन निबंध संग्रहों का सही रचना क्रम कौन सा है ?

A) कुछ चंदन की कुछ कपूर की, चिंतन मुद्रा, अनुचिंतन, आधुनिक हिंदी साहित्य के कुछ विशिष्ट पक्ष

B) चिंतन मुद्रा , अनुचिंतन , कुछ चंदन की कुछ कपूर की ,आधुनिक हिंदी साहित्य के कुछ विशिष्ट पक्ष

C) कुछ चंदन की कुछ कपूर की, आधुनिक हिंदी साहित्य के कुछ विशिष्ट पक्ष, चिंतन मुद्रा, अनुचिंतन

D) आधुनिक हिंदी साहित्य के कुछ विशिष्ट पक्ष, कुछ चंदन की कुछ कपूर की, चिंतन मुद्रा, अनुचिंतन

115. कलावादी आंदोलन का प्रारंभ कहाँ हुआ था ?

A) इटली B) फ्रांस C) जर्मनी D) इंगलैंड

116. 'कविता कवि व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति नहीं ,व्यक्तित्व से पलायन है'- यह मत किसका है ?

A) रिचर्ड्स B) इलियट C) शेल्ली D) वड्र्स वर्थ

117. 'मन में न गान में न सुधारस पान में है
जल में न थल में गिरि में गगन में '- इसमें कौन सा अनुप्रास है ?

A) छेकानुप्रास B) वृत्यानुप्रास C) श्रुत्यानुप्रास D) लाटानुप्रास

118. 'शिवसिंह सरोज' का प्रकाशन कब हुआ ?

A) 1880 B) 1881 C) 1882 D) 1883

119. सही मिलान कीजिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | अनुपालन | 1. | recommendation |
| b) | अधिसूचना | 2. | compliance |
| c) | उपबंध | 3. | notification |
| d) | संस्तुति | 4. | provision |

A) a-2, b-3, c-4, d-1 B) a-1, b-3, c-2, d-4
C) a-3, b-2, c-4, d-1 D) a-4, b-3, c-1, d-2

120. राजभाषा नियम लागू करने से तमिलनाडु को विशेष छूट देनेवाला संशोधन किस वर्ष में हुआ था ?

A) 1976 B) 1987 C) 1989 D) 1991